प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2026/2893 दिनांकः 25 मई, 2026

महत्वपूर्ण/आवश्यक निर्देश

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/केन्द्र अधीक्षक
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2025–26 के सम सेमेस्टर आयोजित परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने एवं विलम्ब से प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने हेतु दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025–26 के सम सेमेस्टर की आयोजित कराई जा रही लिखित परीक्षाओं के संबंध में पुनः निदेशित किया जाता है कि पूर्व में निर्गत दिशा–निर्देशों के क्रम में सभी परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र (Admit Card) में अंकित समयानुसार परीक्षा केन्द्र पर समय से पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करना होगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिदिन प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त अर्थात प्रातः 09:30 बजे (प्रथम पाली) एवं अपरान्हः 2.00 बजे (द्वितीय पाली) के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र परिसर (Campus) एवं परीक्षा कक्ष (Exam Hall) में प्रवेश की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि विलम्ब से आने वाले किसी भी परीक्षार्थी का कोई दावा/अनुरोध/प्रतिवेदन विश्वविद्यालय स्तर पर स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उक्त एडवाइजरी/निर्देशों को संस्थान/परीक्षा केन्द्र स्तर पर व्यापक रूप से प्रसारित/प्रकाशित कराते हुए समस्त विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो तथा विश्वविद्यालय की परीक्षाएं पूर्ण गोपनीयता, निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई जा सकें

भवदीय

25/05/2026

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त नियंत्रक/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक